www.amritvichar.com
# अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली, सोमवार,13 अप्रैल 2026

सुविचार



शिक्षा के बिना बुद्धि, नैतिकता और विकास सब नष्ट हो जाते हैं। शिक्षा स्त्री और पुरुष की प्राथमिक आवश्यकता है।
-महात्मा ज्योतिबा फुले

**बरेली के प्रमुख समाचार**
- अमरनाथ यात्रा पर साइबर ठगों का साया-II
- 19 केंद्रों पर हुई सीडीएस व एनडीए परीक्षा -III
- ब्लैक माम्बा ने धुरंधर 11 को हराया-IV

# पंचमुखी मंदिर में हनुमान प्रतिमा की शिफ्टिंग पर 'धर्मसंकट'

## आठ कुंतल वजनी मूर्ति को हटाना बेहद कठिन, महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद से परामर्श के बाद अगला कदम उठाएंगे सेवक

कार्याल्य संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** धर्मकांटा चौराहे पर स्थित निरंजनी अखाड़े से जुड़े प्राचीन पंचमुखी मंदिर का अग्रभाग खुद तोड़कर सेवादारों ने नगर निगम की चिंता तो दूर कर दी, मगर खुद के सामने नया धर्म संकट पैदा हो गया है। मंदिर में स्थापित वीर बजरंगी की दिव्य को पीछे शिफ्ट करना प्रबंधकों के लिए चुनौती बन गया है। प्रतिमा 8 कुंतल वजन की है और बगैर नुकसान के इसे हटाना बेहद जटिल है। सेवादारों का कहना है कि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद जी महाराज से परामर्श के बाद के ही अगला कदम उठाया जाएगा।

मंदिर सेवादारों के अनुसार, दिव्य प्रतिमा जिस समय भी शिफ्ट कराई जाएगी, उस समय माहौल आध्यात्मिक होगा और भव्यता के रंग नजर आएंगे। प्रतिमा आसानी से पीछे हट भी जाए और उसे एक खरोंच तक न पहुंचे, इसके लिए योजना बनाई जा रही है। दरअसल, मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के तहत धर्मकांटा-कोहाड़ापीर रोड का चौड़ीकरण होने जा रहा है और अतिक्रमण हटाओ अभियान के बीच पंचमुखी मंदिर का खुद ही अग्रभाग तोड़ने के फैसले समाज के बीच बेहद सकारात्मक संदेश दिया है।

कुछ दिन पहले तक नगर निगम का पूरा अमला प्राचीन पंचमुखी मंदिर का कुछ हिस्सा चौड़ीकरण की राह में बाधा बनने की चिंता में डूबे थे। सेवादारों के जरिए जब बात निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि तक पहुंची तो उन्होंने खुद ही मंदिर का अग्रभाग तोड़े जाने को कह दिया। जिसके बाद सेवादारों ने रात-रात भर मजदूर जुटाकर मंदिर के आगे का हिस्सा तुड़वा भी दिया है और यह सब होता देख निगम अफसरों के चेहरों पर मुस्कान नजर आ रही है।

हालांकि, मंदिर प्रबंधक अब आगे के लेकर नई चिंता में डूबे दिखाई दे रहे हैं। उनके सामने बड़ी चुनौती आठ क्विंटल वजनी बजरंगी की दिव्य प्रतिमा को सुरक्षित विस्थापित करने की है। मंदिर का अग्रभाग हटाने के दौरान भी प्रतिमा खंडित होने का डर था, लेकिन बेहद सावधानी से काम आगे बढ़ाया गया। मूर्ति के ठीक पीछे दीवार होने के कारण प्रतिमा को सुरक्षित हटाना अत्यंत जटिल लग रहा है। सेवादारों ने निर्णय लिया है महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज से वार्ता और आध्यात्मिक परामर्श के बाद ही मूर्ति विस्थापन किया जाएगा, ताकि स्वरूप पूरी तरह सुरक्षित रहे।



धर्मकांटा चौराहा स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर का अग्र भाग तोड़ा जा चुका है। ● अमृत विचार



मूर्ति को हटाए जाने के बारे में जानकारी देते प्रबंधक धीरज पांडेय।

### टैक्स वसूली व सीलिंग की अजब-गजब कहानी

मंदिर प्रबंधक धीरज पांडेय ने एक सवाल उठाते हुए कहते हैं कि पिछले दिनों नगर निगम ने बकाया टैक्स को लेकर मंदिर परिसर की तीन दुकानें सील कर दी थीं। नोटिस चस्पा कर दुकानों को खोलने के लिए साढ़े पांच लाख रुपये का भुगतान करने को कहा गया था। टैक्स वसूली के समय दुकानों को वैध सीमा के भीतर माना गया था, लेकिन सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू होने पर उसी निर्माण को अवैध करार दे दिया गया। मंदिर प्रबंधन को भारी-भरकम टैक्स चुकाया और अब अग्रभाग भी खुद तुड़वा रहा है। इस बारे में भी सोचा जाना चाहिए।

- मंदिर का अग्रभाग तोड़ा गया, अब प्रतिमा हटाने पर मंथन
- आध्यात्मिक माहौल में बरेली पहुंच सकते हैं महामंडलेश्वर

### मंदिर की भव्यता : बजरंग प्रतिमा ऐसी कि जिधर से भी देखो, उधर से होते हैं दर्शन

पंचमुखी मंदिर की भव्यता का सबसे सुंदर पक्ष यहां विराजमान हनुमान प्रतिमा है। लंबे समय पहले कई कलाकारों ने महीनों की मेहनत के बाद दोहरे स्वरूप की इस प्रतिमा को बनाने में सफलता हासिल की थी। इसे जिस भी दिशा से निहारा जाए, पवनसुनत हनुमान के एक समान दर्शन प्राप्त होते हैं। सड़क चौड़ीकरण के दायरे में आने के कारण प्राचीन प्रतिमा को पीछे शिफ्ट किया जाना है। बहुत भारी होने के कारण प्रतिमा को नुकसान पहुंचने की आशंका ने सेवादार के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। मंदिर प्रबंधक धीरज पांडेय के साथ सेवादारों ने फिर साफ किया है कि धर्म यात्रा के साथ विकास के सहभागी बनकर एक मीटर दायरे में आने वाली मंदिर मंदिर के अग्रभाग और दुकानों को तोड़ने का कार्य उन्होंने स्वयं ही शुरू कर दिया है। जैसे-जैसे निर्माण की गूंज मुख्य प्रतिमा के समीप पहुंच रही है, सावधानी बढ़ाते जा रहे हैं। संवेदनशील मोड़ पर निर्णय लिया गया है कि आगे का कदम स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज के परामर्श के बाद ही उठाया जाएगा। सनातन परंपरा में खंडित मूर्ति की पूजा वर्जित है, इसलिए आगामी रणनीति अब पूरी तरह महाराज जी के निर्देशों पर टिकी है। सेवादार जल्द ही उनसे भेंट कर धर्म-संकट पर उनके अगले निर्देश लेंगे। फिलहाल, बरेली के विकास को रास्ता देने के लिए प्राचीन पंचमुखी मंदिर का अग्रभाग तोड़ा जाना पूरे देश के लिए एक नजीर बन रहा है, जहां धर्मगुरुओं की उदारता और प्रशासन की सक्रियता स्मार्ट सिटी की चमक बढ़ाती दिख रही है।



सीएम ग्रिड में सड़क चौड़ीकरण जनहित का एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर के सेवादारों की ओर से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाना नागरिक कर्तव्य की एक मिसाल है। महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज का यह निर्णय न केवल सराहनीय है, बल्कि विकास विरोधियों के लिए एक बड़ी सीख भी है। प्रशासन सदैव जनसुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है और जब धार्मिक संस्थाएं इस तरह सहयोग करती हैं, तो शहर के सौंदर्यीकरण और प्रगति का मार्ग और भी प्रशस्त हो जाता है।
-संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

## सिटी ब्रीफ

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सक और कर्मी होंगे सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल में बेहतर काम करने वाले चिकित्सकों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस संबंध में परिवार कल्याण महानिदेशालय ने सीएमओ से ऐसे चिकित्सक व कर्मियों की जानकारी मांगी है। सीएमओ को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि गर्भवतियों को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं देकर मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। इसी के चलते स्वास्थ्य इकाइयों को क्रियाशील किया जा रहा है। पिछले तीन महीने में सबसे ज्यादा ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों को चिह्नित कर डिटेल मांगी गई है। इसमें सहयोगी नर्सिंग स्टाफ की भी जानकारी भेजने को कहा गया है। सीएमओ की संस्तुति के बाद ही ऐसे डॉक्टर और कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### मॉर्निंग रेड में कई घरों के अंदर बिजली चोरी पकड़ी, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली/सिरौली, अमृत विचार :** बिजली विभाग ने बिजली चोरी रोकने के तहत मार्निंग रेड और चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सिरौली और बरसेर के विभिन्न क्षेत्रों में मॉर्निंग रेड डालकर छह लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा है। एसडीओ बरसेर विशाल वर्मा के नेतृत्व में चले इस अभियान में 35 कनेक्शनों की जांच की। इस दौरन हुई जांच में 15 लोगों के कनेक्शन मौके पर काट दिये गये। छह लोग बिजली चोरी करते पाये गये। इन पर बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टीम में मुख्य रूप से जेई राहुल रावत मुकेश कुमार, टीजीटू सचिन कुमार, के.पी. वर्मा, जयंत यादव आदि शामिल रहे।

### ऑटो व बस में टक्कर की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** ऑटो और बस की टक्कर की सूचना पर इज्जतनगर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन वहां पर उन्हें ऑटो के अलावा कुछ नहीं मिला। रविवार रात एक राहगीर ने इज्जतनगर पुलिस को सूचना दी कि आईवीआरआई पुल के पास रोडवेज बस और ऑटो में टक्कर हो गई है। पुलिस जब मौके पर गई तो वहां पर कोई घायल नहीं मिला। वहां पर सिर्फ क्षतिग्रस्त ऑटो खड़ा था। पुलिस ने ऑटो पर लिखे मोबाइल नंबर पर फोन किया गया तो वह बंद था।

### किशोरी से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर में कोरियर देने गए युवक ने किशोरी को अकेला देखकर उसके साथ छेड़खानी की। पुलिस ने इस मामले में शनिवार को रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान रिठौरा के कहरा गांव निवासी सरताज आलम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने छेड़खानी की थी। उससे गलती हो गई।

### शहर में आज

- श्री सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्री राम कथा सोमनाथ नाथ मंदिर प्रभात नगर में शाम 4 :30 से 8 बजे।
- बाबा श्री नीलकंठ मंदिर राजेन्द्र नगर में श्री शिव महापुराण कथा शाम 5 से 9 बजे।

# राहत का रविवार बीता, नैनीताल रोड पर आज फिर 'रेड ऑपरेशन'

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कोहाड़ापीर से कुदेशिया पुल तक सीएम ग्रिड फेज-टू परियोजना के तहत बनने वाली मॉडल रोड के आसपास अतिक्रमण पर लाल निशान लगाने और नोटिस चस्पा करने का काम रविवार को छुट्टी के कारण रुका रहा। हालांकि, नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोमवार से विभाग फिर एक्शन मोड में दिखेगा। शेष बचे प्रतिष्ठानों पर लाल निशान लगाए जाएंगे और कब्जाधारकों को नोटिस चस्पा कर अंतिम चेतावनी दी जाएगी। अब तक इस रोड पर 450 से अधिक कब्जों पर निगम का ''लाल निशान'' लग चुका है।

- अब तक साढ़े चार सौ अवैध निर्माण किए जा चुके चिह्नित



दरअसल, परियोजना के तहत 2.4 किमी लंबी इस सड़क को चौड़ा करने से पहले जो सर्वे हुआ था, उसमें चौंकाने वाला सच सामने आया है। कई जगह लोगों ने सरकारी जमीन कब्जाकर 20-20 फीट तक पक्के निर्माण, सीढ़ियां और चबूतरे बना दिए हैं। नगर निगम ने लोगों को नोटिस जारी कर साफ चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर कब्जे नहीं हटाए तो निगम का बुलडोजर जमींदोज कर देगा। निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी ने कहा कि रविवार की मोहलत सिर्फ एक अवकाश था, रियायत नहीं। जो लोग निर्धारित समय सीमा में खुद अतिक्रमण नहीं हटाएंगे, उनके खिलाफ न केवल बुलडोजर की कार्रवाई होगी, बल्कि कार्रवाई का पूरा खर्च भी उन्हीं से वसूला जाएगा। साथ ही, भारी जुर्माना और मुकदमा अलग से दर्ज होगा।

# पहले सैटेलाइट, फिर पीलीभीत बदायूं अड्डे होंगे एयरपोर्ट जैसे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली रीजन के दो और बस अड्डों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी मॉडल) पर संचालित होंगे। इसमें पीलीभीत व बदायूं बस अड्डे को शामिल किया गया है। सैटेलाइट बस अड्डे का पहले ही चयन हो चुका है। विभागीय अफसरों के अनुसार जल्द इस दिशा में काम शुरू होगा। दावा है कि यात्रियों को इन बस अड्डों पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

परिवहन निगम बरेली रीजन के सैटेलाइट बस अड्डे का पीपीपी माडल में चयन कर चुका है। इसके लिए गुजरात की कंपनी का चयन किया जा चुका है। कंपनी ने आधुनिक बस अड्डा और शापिंग कांप्लेक्स का 13 मंजिला ब्लू प्रिंट तैयार किया था। इसमें सेना का मानकों का पेच फंस गया है। अब दूसरे चरण में शासन से बरेली रीजन के पीलीभीत डिपो व बदायूं डिपो को पीपीपी माडल से विकसित करने की मंजूरी दी गई है। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि मुख्यालय के आदेश मिलने के बाद क्षेत्रीय प्रबंधकों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

- पीलीभीत व बदायूं बस अड्डे को भी पीपीपी मॉडल लागू होगा
- बरेली के सैटेलाइट को पहले ही सूची में मिल चुकी है जगह

# संसद में अब दिखाई देगी आधी आबादी की ताकत




प्रेसवार्ता में जानकारी देतीं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष डॉ. निवेदिता ने की नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रेसवार्ता

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' अभियान के तहत रविवार को शहर के एक होटल में प्रेस वार्ता में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निवेदिता श्रीवास्तव ने अधिनियम को महिलाओं के लिए एतिहासिक क्षण बताया।

डॉ. निवेदिता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लाया गया यह अधिनियम भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की करोड़ों बेटियों के सम्मान का राष्ट्रीय संकल्प है। महिलाएं अब केवल वोट बैंक तक सीमित न रहकर नीति निर्माण की दिशा तय करेंगी और देश को अधिक समावेशी बनाएंगी। उन्होंने आंकड़ों के माध्यम से बताया कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए 32 करोड़ बैंक खाते खोले गए और मुद्रा योजना के 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत 2047 का सपना महिला नेतृत्व के बिना अधूरा है। जब महिलाएं निर्णयकर्ता की भूमिका में आएंगी, तो शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे विषयों पर अधिक संवेदनशीलता के साथ काम होगा। यह कानून सामाजिक न्याय और सशक्त लोकतंत्र का प्रतीक बनकर उभरेगा।

नीलम जेठा ने कहा कि पंचायतों में 46 प्रतिशत प्रतिनिधित्व के बाद अब यही मॉडल संसद और विधानसभाओं में लागू होगा, जो सामाजिक न्याय और सशक्त लोकतंत्र का प्रतीक बनेगा। यह कानून आरक्षण से कहीं बढ़कर एक सिस्टम सुधार है, जो महिलाओं को नीति निर्माता के रूप में स्थापित करेगा। डॉ मीनाक्षी गंगवार, डॉ तृप्ति गुप्ता, सुभाषिनी, शालिनी जौहरी, ममता अग्रवाल, शिखा, रोली पाण्डे, अनीता, नीतू गोस्वामी, नीलम रस्तोगी, कीर्ती शर्मा, विनीता, गीता दोहरे, पूजा दीक्षित, रीति मित्तल, आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, राजू उपाध्याय, अंकित माहेश्वरी, शिवम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ग्रांट मिली भरपूर, हैंडपंपों की टेंशन गांव-गांव होगी दूर

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण इलाकों में पेयजल की किल्लत होने लगी है। जिले की 1188 ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पंचायती राज विभाग ने ठोस रणनीति तैयार की है। विभाग को 15वें वित्त आयोग की 'टाइड ग्रांट' प्राप्त हो चुकी है, जिसका एक बड़ा हिस्सा केवल पेयजल और स्वच्छता कार्यों पर खर्च किया जाना है।

योजना के अनुसार, सबसे पहले उन गांवों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जहां भूगर्भ जल स्तर नीचे जाने के कारण हैंडपंपों ने पानी छोड़ दिया है। डीपीआरओ कमल किशोर ने सभी एडीओ पंचायत और ग्राम पंचायत सचिवों से उनके क्षेत्रों में खराब पड़े सरकारी हैंडपंपों की विस्तृत सूची मांगी है। सचिवों को हिदायत दी गई है कि वे मौके पर जाकर सत्यापन करें कि कितने हैंडपंप केवल मामूली मरम्मत से ठीक हो सकते हैं और किनके लिए नए पाइप या रिबोर की आवश्यकता है। डीपीआरओ ने बताया है कि 15वें वित्त की धनराशि का उपयोग हैंडपंपों की मरम्मत, सोख्ता गड्ढों को दुरुस्त करने में किया जाएगा।

- 1188 ग्राम पंचायतों में सर्वे के लिए सचिवों को मिली जिम्मेदारी

# बसपा ने खेला मुस्लिम भाईचारे का कार्ड, सलीम को दी कमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बाबा साहब के जन्मदिन पर लखनऊ जा रहे तमाम बसपाई

**अमृत विचार :** बसपा ने दलित-मुस्लिम समीकरण को धार देने के लिए भाईचारा कमेटी का गठन किया है। नवाबगंज के रहने वाले सलीम कुरैशी को इसकी कमान सौंपी गई है। विधानसभा और पंचायत चुनाव की तैयारियों के क्रम में पार्टी सैक्टर से लेकर बूथ तक की कमेटियों का पुर्नगठन करने में जुटी है।



सलीम कुरैशी।

सोशल इंजीनियरिंग के अपने फार्मूले में जान फूंकने के लिए बसपा हाईकमान लगातार संगठन को निर्देशित कर रहा है। मूल कैडर को सुरक्षित करने के साथ बसपा सुप्रीमो मायावती का फोकस अल्पसंख्यक व ओबीसी मतदाताओं पर है। पार्टी संगठन के अनुसार, मिशन 2027 को ध्यान में रखकर जिले में सेक्टर कमेटियां बना दी गई हैं और बूथ का काम भी अंतिम चरण में है। बसपा जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि रणनीति के तहत सलीम कुरैशी को बसपा के मुस्लिम भाईचारा का मंडल संयोजक बनाया गया है। पिछड़ा भाईचारा कमेटी का भी गठन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक बाबा साहब के जन्मदिन पर मंडल और जिला स्तर पर कार्यक्रम होते थे। बहनजी के निर्देश पर इस बार सिर्फ लखनऊ में ही आयोजन हो रहा है। जिले से बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता राजधानी जा रहे हैं। 48 बसें, 200 कार और ट्रेन के जरिए 4 हजार लोगों कार्यक्रम में पहुंचने का लक्ष्य है।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस के विस्तार से बरेली के करीब आएगा कासगंज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली-नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस का कासगंज तक विस्तार बड़ी संख्या में लोगों के सफर को आसान करेगा। यह केवल एक नई रेल सुविधा नहीं, बल्कि कासगंज, एटा और बदायूं समेत आसपास के जिलों की कनेक्टिविटी, व्यापार और शिक्षा व्यवस्था को नई गति देने की दिशा में अहम पहल है।




अब इन जिलों के यात्रियों को दिल्ली जाने के लिए बार-बार ट्रेन बदलने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सीधी कनेक्टिविटी मिलने से यात्रा का समय कम होगा। खासतौर पर रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों और नौकरीपेशा लोगों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। छोटे शहरों के छात्रों के लिए दिल्ली और आसपास के बड़े शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंच पहले की तुलना में आसान हो जाएगी जिससे करियर के अवसर बढ़ेंगे। इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि यह विस्तार लंबे समय से क्षेत्रीय मांग का हिस्सा था। कार्यक्रम के अनुसार बदायूं स्टेशन से सोमवार को इसे रवाना किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद आदित्य यादव, विधायक महेश चंद्र गुप्ता, विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

- अब कासगंज से बरेली होते हुए दिल्ली का सफर होगा आसान

लंबा इंतजार | योजना का टेंडर काफी समय बाद भी अटका, व्यस्त रूट पर झेलनी पड़ रही परेशानी

# पीलीभीत रोड पर दस लेन का सपना, हो न सका अपना

कार्यालय संवादददता, बरेली

**अमृत विचार:** पीलीभीत बाईपास को टेन लेन की हाईटेक सड़क बनाने की प्लानिंग सपने से आगे नहीं बढ़ पा रही। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और पीडब्ल्यूडी के बीच छिड़ी जंग और क्रेडिट लेने की होड़ ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को फाइलों के मकड़जाल में उलझा दिया। तीन साल में फोरलेन से शुरू होकर सिक्सलेन, एट लेन और अब टेन लेन के दावों के बीच सेटेलाइट से बैरियर-टू तक का हिस्सा आज भी अपने उद्धार की बाट जोह रहा है। दरअसल, सरकारी विभागों की



आपसी खींचतान में जब भी सड़क बनने की उम्मीद जगती है, एक नया खेल शुरू हो जाता है। साल 2022 से पीडब्ल्यूडी फोरलेन और सिक्सलेन के एस्टीमेट शासन को भेजता रहा, यहां तक किमुख्यमंत्री ने भी जनवरी में सिक्सलेन के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी थी। वहीं, विकास प्राधिकरण ने 130 करोड़ का दस लेन वाला प्रस्ताव तैयार कर शासन में फाइल भेज दी। मंजूरी मिलने के बाद बड़े-बड़े दावे किए मार्च तक टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू कर दिया जाएगा और सेटेलाइट से एयरपोर्ट की दूरी महज 10 मिनट की रह जाएगी।

बीडीए ने इस परियोजना में सड़क के दोनों ओर पांच-पांच लेन और सर्विस लेन की भव्यता का जो खाका खींचा था, वित्तीय वर्ष 2025-26 बीतने के बाद उस पर अभी काम शुरू नहीं हुआ है। टेंडर प्रक्रिया ही पूरी नहीं हो सकी है। इधर, सवाल उठ रहें हैं जब बैरियर-टू से बड़ा बाईपास तक के छोटे से हिस्से के चौड़ीकरण की रफ्तार कछुआ चाल से चल रही है, तो 11 किलोमीटर को टेन लेन बनाने का प्रोजेक्ट धरातल पर कैसे उतरेगा। साफ है कि पीलीभीत बाईपास का चौड़ीकरण विभागों में सामंजस्य न होने की वजह से अटक कर रह गया है। पीडब्ल्यूडी और विकास प्राधिकरण के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान न होना और बार-बार एस्टीमेट बदलना इस देरी की मुख्य वजह मानी जा रही है।

जनवरी माह में सेटेलाइट से बैरियर टू चौकी तक सिक्सलेन करने का 215 करोड़ का प्रस्ताव बनाया था। कुछ समय बाद ही बीडीए से जानकारी लगी कि वह इस सड़क को मंडलायुक्त के निर्देश पर दस लेन बनाएंगे। इस लिए विभाग पीछे हट गया है। पीडब्लयूडी की तरफ से पहले भी कई फोरलेन और सिक्सलेन के प्रस्ताव भेजे गए थे जो मंजूर नहीं हुए। यह पूरी सड़क बीडीए ही टेन लेन बनाएगा।
-भगत सिंह, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी

मंडलायुक्त ने आठ लेन सड़क और दोनों ओर सर्विस रोड बनाने का सुझाव दिया था। इसी आधार पर 130 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया गया। काम शुरू होने के बाद पीडब्ल्यूडी का इस सड़क के चौड़ीकरण से कोई लेना देना नहीं रहेगा। बेरियर टू से बड़ा बाईपास तक सड़क पहले ही चौड़ी की जा रही है। जल्द ही शेष 7 .25 किलोमीटर हिस्से की बची सड़क को चौड़ी करने के लिए टेंडर निकाला जाएगा।
-डा . मनिकंडन .ए, बीडीए उपाध्यक्ष

## सिटी ब्रीफ

### देवर पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला ने देवर पर दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप लगाया है। किला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किला क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति रिक्शा चलाता है। वह किराए के मकान में रहते हैं। पति की गैर मौजूदगी में देवर घर आकर अश्लील इशारे करता है। कुछ दिन पहले देवर ने उसे अकेला देखकर दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर वह भाग गया। मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि 7 अप्रैल को देवर समेत अन्य लोगों ने पति का रिक्शा छीन लिया। आरोपी रिक्शे के बदले में 15000 रुपए मांग रहे हैं।

### गश खाकर गिरा युवक थम गई सांस

**बरेली/बिसौली :** आसफपुर रोड पर दोपहर के समय जोगी नवादा थाना बारादरी बरेली निवासी दीपू (40) पुत्र बाबूराम साथी रामेश्वर दयाल के साथ टीवीएस मोटर साइकिल के प्रचार के लिए होर्डिंग लगा रहे थे। वह अचानक गश खाकर गिर पड़े। उनके जमीन पर गिरने पर साथी रामेश्वर दयाल उन्हें जिला अस्पताल ले गया, जहां मौजूद डॉक्टरों ने दीपू को मृत घोषित कर दिया है।

### जिसे कहता था बुआ उसी को भगा ले गया

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर क्षेत्र में एक युवक किशोरी को बहलाकर ले गया। पीड़ित पिता ने युवक और उसके साथियों पर बेटी के अपहरण करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले युवक का उनके घर आना-जाना था। वह उनकी बेटी को 'बुआ' कहकर बुलाता था। इससे परिवार उसपर भरोसा करने लगा। दो दिन पहले वह उनकी बेटी को अगवा कर ले गया।

### अफीम के साथ दो तस्करों को दबोचा

**अलीगंज, अमृत विचार :** थाना अलीगंज पुलिस ने दो युवकों को 490 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। मुखबिर की सूचना पर थाना अलीगंज के उपनिरीक्षक दीपक वर्मा ने टीम के साथ अलीगंज-विशारतगंज रोड पर रजा फ्रूट फैक्ट्री के पास घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों की तलाशी ली। इस दौरान अहीद, निवासी वार्ड नंबर 3 कस्बा विशारतगंज तथा नहीम निवासी वार्ड नंबर 9 बिशारतगंज के कब्जे से 490 ग्राम अफीम बरामद हुई पुलिस ने दोनो को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

### किशोर ने बच्चे को पीटा, मुकदमा दर्ज

**बरेली/भमोरा, अमृत विचार :** ग्राम बहानपुर निवासी मदनलाल ने बताया कि शनिवार शाम उनका 8 वर्षीय पुत्र अवधेश गांव के बच्चों के साथ घर के आगे खेल रहा था। वहीं ननिहाल आया बहेड़ी के गांव हतमाना निवासी एक किशोर भी खेल रहा था। किसी बात पर कहासुनी हो गई जिस पर किशोर ने उसके बेटे अवधेश की पीठ पर कोहनी से वार कर दिया, जिससे वह वहीं गिर पड़ा। पुलिस मदनलाल की तहरीर पर मामले की जांच कर रही है।

# अमरनाथ यात्रा पर साइबर ठगों का साया

## 15 अप्रैल से शुरू होंगे यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन, सोशल मीडिया के जरिए लोगों को भेजे जा रहे लिंक

- एक्सपर्ट बोले, साइबर अपराधियों से रहें सावधान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अमरनाथ यात्रा की तैयारियों में जुटे बरेली के श्रृद्धालुओं के लिए यह खबर बेहद खास है। साइबर अपराधी अमरनाथ यात्रियों को शिकार बनाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। सोशल मीडिया के जरिए लिंक भेजकर यात्रियों को अपने जाल में फंसाने की चालें चली जा रही हैं। साइबर विशेषज्ञों ने चेताया है कि इस तरह के लिंक न खोले जाएं, वरना खून-पसीने से कमाई दौलत खाते से सैकेंडों में गायब हो सकती है।

साइबर एक्सपर्ट के अनुसार अमरनाथ और चारधाम यात्रा के नाम पर हर साल बड़ी संख्या में साइबर ठगी के मामले सामने आते हैं। ठग खुद को ट्रैवल एजेंट या अधिकृत संस्था का प्रतिनिधि बताकर लोगों को रजिस्ट्रेशन, हेलीकॉप्टर बुकिंग और वीआईपी दर्शन के नाम पर फर्जी लिंक भेजते हैं। इन लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल फोन में 'रिमोट एक्सेस ट्रोजन (आरएटी)' इंस्टॉल हो जाता है, जिससे ठग आपके फोन का पूरा नियंत्रण हासिल कर लेते हैं। इसके बाद बैंक डिटेल, ओटीपी और निजी जानकारी आसानी से चोरी कर ली जाती है। अनुज अग्रवाल ने कहा किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और केवल आधिकारिक वेबसाइट या विश्वसनीय स्रोतों से ही यात्रा से जुड़ी जानकारी लें।



### भावनाओं से खेलते हैं साइबर ठग

साइबर ठग लोगों की भावनाओं से खेलते हैं। वह ऐसे मैसेज भेजते हैं जिससे आप तुरंत उनके मैसेज पर क्लिक करते हैं। ठग इस तरीके के मैसेज भेजते हैं कहीं ये आपके बेटे की तस्वीर तो नहीं, देखिए आपकी पत्नी क्या कर रही है या आपकी बेटी का वीडियो जैसे भ्रामक संदेशों के जरिए लोगों को क्लिक करने के लिए उकसाया जा रहा है। साइबर अपराधी गैस सिलेंडर बुकिंग, कोरियर डिलीवरी और बैंक अपडेट के नाम पर भी लिंक भेज रहे हैं। इन लिंकों से हमेशा सावधान रहे। अपना ओटीपी किसी को भी न बताए।

### नाथ नगरी से हर साल अमरनाथ जाते हैं सैकड़ों जत्थे

**बरेली।** पवित्र अमरनाथ यात्रा को लेकर नाथ नगरी बरेली के श्रृद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। पारंपरिक पहलगाम और बालटाल मार्ग से 57 दिन चलने वाली अमरनाथ यात्रा इस बार 3 जुलाई से शुरू होगी और रक्षाबंधन के दिन 28 अगस्त को समापन होगी। श्रृद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य प्रमाणपत्र अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य जांच के लिए लोग जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं और जरूरी तैयारियां करने में जुट गए हैं।



बरेली की नेहरू पार्क कॉलोनी के रहने वाले अनुज अग्रवाल सुप्रीम कोर्ट साइबर बार के चेयरमैन हैं और साइबर फ्रॉड से बचने के लिए लगातार कार्यक्रम करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि अपने टिकट अधिकृत एजेंसी के माध्यम से ही बुक कराएं। यदि कोई संदिग्ध कॉल या मैसेज आए तो सूचना साइबर हेल्पलाइन पर दें।



साइबर ठगी के मामलों पर नजर रखी जा रही है और लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके लिए अलग से थाना भी बनाया गया है वहीं पर विवेचना भी होती है। ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर फोन करें।

– **मानुष परीक**, एसपी सिटी

# बिना हेलमेट के रील गर्ल का वीडियो वायरल, पड़ा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक हाथ से बाइक चलाई, रील वायरल होने के बाद हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** रील बनाने का बढ़ता क्रेज युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। रेलवे ट्रैक के बाद अब कैंट की सड़कों पर भी नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। बिना हेलमेट तेज रफ्तार बाइक दौड़ाती युवती का वीडियो वायरल हो रहा है। वह एक हाथ से ही बाइक चला रही है।

वीडियो वायरल हुआ तो ट्रैफिक पुलिस का भी ध्यान गया। ट्रैफिक पुलिस ने बाइक का एक हजार रुपये का ऑन लाइन चालान किया है। इससे पहले गुरुवार को रेलवे ट्रैक पर जान जोखिम में डालकर युवती का डांस का वीडियो वायरल हो रहा था।

युवती ने माफी मांगी तो वह पुलिस कार्रवाई से बच सकी। रील बनाने के चक्कर में जिले में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें युवाओं की जान तक जा चुकी है।

युवती का वीडियो वायरल हो रहा था। उसमें वह बिना हेलमेट के बाइक चलाते हुए दिख रही है। ट्रैफिक पुलिस ने नियम तोड़ने पर युवती का चालान किया है।

**मोहम्मद अकमल खान**, एसपी ट्रैफिक

### बीडीए कॉलोनी के वीडियो भी हो रहे वायरल

बीडीए कॉलोनी कीसड़कों पर बाइक चलाते युवतियों का वीडियो रविवार की शाम वायरल होने लगा। बताया जाता है यहां रोज शाम को इसी तरह से लड़कियां आती हैं और उनके वीडियो बनाए जाते हैं। लड़कियों ने हेलमेट नहीं लगाया है। एक्स पर इसकी शिकायत करके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

# जंक्शन पर संदिग्ध हालात में दरोगा की चली गई जान

- प्लेटफार्म 2 पर अचानक गश खाकर गिरे, थम गईं सांसें
- मुरादाबाद में तैनात थे शरद कुमार, पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं
- बिसरा किया सुरक्षित, लंबे समय तक बरेली कोतवाली में रहे थे तैनात

**बरेली, अमृत विचार :** मुरादाबाद में तैनात दरोगा की बरेली जंक्शन पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उनकी मौत हार्ट अटैक से नहीं हुई है।



दरोगा शरद कुमार।

थाना सुभाष नगर की ग्रीन वैली कॉलोनी निवासी दरोगा शरद कुमार मुरादाबाद जनपद के डिलारी थाने में तैनात थे। वह रविवार को प्रयागराज से लौट रहे थे। ट्रेन से उतरने के बाद वह जैसे ही जंक्शन के प्लेटफार्म 2 पर उतरे तो अचानक गश खाकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद टीम ने उन्हें सीपीआर देने का प्रयास किया, मगर कुछ ही देर में उनकी सांसें थम गईं। सूचना पर रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। अब बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। दरोगा की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। वह लंबे समय तक बरेली कोतवाली में भी तैनात रहे थे। बता दें कि शनिवार को घर में पहुंचे सिपाही धर्मवीर सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी।

# एसपी अंशिका के रिसेप्शन में शामिल हुए अफसर

- अफसरों ने प्रयागराज पहुंचकर नवदंपति को दीं शुभकामनाएं

**बरेली, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक अंशिका वर्मा के विवाह उपरांत प्रयागराज में आयोजित रिसेप्शन समारोह में जिले के कई अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासनिक दोनों ही विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

जिले से कई अफसर विशेष रूप से प्रयागराज पहुंचे और नवदंपति को शुभकामनाएं दीं। वहीं कुछ अधिकारी व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हो सके, उन्होंने अपने प्रतिनिधियों या परिचितों के माध्यम से शुभकामनाएं भेजीं। समारोह में अधिकारियों ने अंशिका वर्मा को नए जीवन की शुरुआत के लिए बधाई दी और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

# शराब पीकर अभद्रता करने में नवाबगंज इंस्पेक्टर निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नवाबगंज थाने में तैनात इंस्पेक्टर क्राइम को शराब के नशे में अभद्रता करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने थाने के अंदर ही भाजपा बूथ अध्यक्ष के साथ गाली-गलौज की, जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी।



जयपाल सिंह।

शनिवार की देर शाम भाजपा के बूथ अध्यक्ष देवेंद्र किसी काम से थाने गए थे। वहां इंस्पेक्टर क्राइम जयपाल सिंह बैठे हुए थे। आरोप है कि वह शराब के नशे में धुत थे। देवेंद्र से बातचीत के दौरान इंस्पेक्टर ने उनके साथ अभद्रता की और गाली गलौज पर उतर आए। यह देखकर थाने में और भी लोग जुट गए। इंस्पेक्टर ने देवेंद्र को गंभीर परिणाम भुगतने की बात भी कही। इसकी शिकायत वहां के नेताओं ने एसएसपी अनुराग आर्य से की। इसके बाद एसएसपी ने उन्हें रविवार की दोपहर निलंबित कर दिया। एसएसपी ने बताया कि जयपाल सिंह के विरुद्ध कार्य एवं आचरण के संबंध में शिकायत मिल रही थी। जांच में उन पर लगे आरोप पुष्ट पाए गए। इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। साथ ही उनकी विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

### दरोगा ने रेहड़ी वाले को धमकाया, ऑडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचार,** दरोगा मेडिएटर और रेहडी वाले का एक ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दरोगा और उसका साथी ठेले वाले को यह कह रहे हैं कि कोई आएगा तो हम बैठे तो है लिख उसके खिलाफ मुकदमा लिख दिया जाएगा। रविवार की शाम रिठौरा थाना क्षेत्र में तैनात एक दरोगा का ऑडियो तेजी से वायरल होने लगा। ऑडियो में दरोगा उसका साथी और एक रेहडी वाला बात कर रहे हैं। जिसमें मिडियेटर रेहडी वाले को समझा रहा है कि हम लोग बैठे तो हैं तेरा काम हो जाएगा। कोई आएगा तो उसे पर ठोक के मुकदमा लिख दिया जाएगा। दरोगा भी उनकी बात की पुष्टि कर रहे हैं। और कह रहा है हम बैठे तो हैं तुम कभी हमसे मिलने आए। तुम्हारा काम हो जाएगा तुम दिवाली के बाद आना। हालांकि अमृत विचार इस वायरल ऑडियों की पुष्टि नहीं करता है।

# कार्रवाई के लिए परिवार ने नहीं दी पुलिस को तहरीर

**बरेली, अमृत विचार:** ऑटो में जबरन बैठकर छेड़खानी और छात्रा को अगवा करने के मामले में पीड़ित परिवार डरा सहमा है। बदनामी के डर से पुलिस से शिकायत नहीं कर रहा है। हालांकि पुलिस घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेल के जरिए मामले की जांच कर रही है।

शनिवार की दोपहर स्कूल से लौटते समय छात्रा को ऑटो चालक ने जबरन ऑटो में बैठा लिया था। छेड़खानी की और अगवा करने का प्रयास भी किया। छात्रा के शोर मचाने पर उतारकर भाग गया। रविवार को हिंदू संगठन के लोग छात्रा के घर पहुंचे। छात्रा के परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से मना कर दिया। इंस्पेक्टर सीबीगंज प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि छात्रा के परिवार ने कोई शिकायत नहीं की है। छात्रा के साथ गलत व्यवहार नहीं हुआ। हो सकता है वह डर गई हो या किसी गलतफहमी का शिकार हो गई हो।

# डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने का झांसा देकर 5.79 लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने का झांसा देकर युवक से 5.79 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराई है। कालीबाड़ी होली चौराहे के पास रहने वाले किन्शुक अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को वाट्सएप के जरिए एक अज्ञात नंबर से उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एक नामी सॉफ्टड्रिंक कंपनी से जुड़ा बताते हुए डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने की बात कही। जब किन्शुक को उसपर भरोसा हो गया तो आरोपी ने विभिन्न शुल्कों के नाम पर उनसे अपने भेजे अकाउंट में रुपये ट्रांसफर करने को कहा। झांसे में आकर उन्होंने अलग-अलग तारीखों में एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा और एचडीएफसी बैंक खातों से कुल 5,79,300 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए।

# फूलबाग में नमाज पर हिन्दू संगठन भड़के, लखनऊ तक शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हिन्दूवादी नेताओं ने एक्स पर शिकायत कर उठाई कार्रवाई की मांग, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** सार्वजनिक पार्क में नमाज का वीडियो वायरल होने से विवाद की स्थिति बन गई है। हिन्दू संगठनों ने लखनऊ तक शिकायत कर मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग उठाई है। मामला फूलपार्क से जुड़ा बताया जा रहा है। शिकायत पर संज्ञान लेकर पुलिस जांच में जुटी नजर आ रही है।

हिन्दूवादी नेताओं की ओर से एक्स के जरिए पुलिस के आला अधिकारियों से की गई शिकायत में आरो लगाया गया है कि दो युवकों ने सार्वजनिक पार्क में नमाज पढ़ी और उसका वीडियो सोशल मीडिया वायरल किया। ऐसा करने की छूट किसी को नहीं दी मिल सकती। आरोपियों पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। इंस्टाग्राम पर अपलोड वीडियो वायरल होने के बाद तीखी प्रतिक्रियाएं देखी जा रही हैं। कहा जा रहा है कि सार्वजनिक स्थलों पर इस प्रकार की गतिविधियां विवाद पैदा कर सकती हैं। दिन में कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी थी, लेकिन प्रकरण फूलपार्क से जुड़ा पाए जाने के बाद थाना कैंट पुलिस को छानबीन करने को कहा गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वीडियो हाल का है या पुराना और इसे वायरल करने के पीछे क्या उद्देश्य था। आरोपियों में से एक की पुलिस ने पहचान भी कर ली है।



वायरल फुटेज।

मामले में दो युवकों को हिरासत में लिया गया है, जो अलग-अलग समुदाय के हैं। पूछताछ में पता लगा है कि वायरल वीडियो पार्क में 20 दिन पहले बनाया गया था। दोनों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

– **धनंजय पांडेय**, इंस्पेक्टर कोतवाली

# उत्कृष्ट कार्य पर भोजीपुरा की दो टीम होंगी पुरस्कृत

**बरेली, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा व जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट (जेडएफडी) के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर थाना भोजीपुरा की दो सीसी टीमों को 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। यह घोषणा एसएसपी अनुराग आर्य ने समीक्षा के दौरान की।

रिजर्व पुलिस लाइन स्थित रविन्द्रालय सभागार में कार्यशाला में एसएसपी ने जनपद में सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और जेडएफडी की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाली टीमों को प्रोत्साहित किया गया। लापरवाही बरतने वालों के प्रति सख्त रुख अपनाया गया। जनवरी से मार्च तक जेडएफडी लागू होने के बाद के भी कई थानों की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# रिकवरी एजेंट की गुंडई बाइक मालिक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रिठौरा के पास बाइक रोककर मांगे 6500 रुपये
- रुपये देने के बाद भी नहीं छोड़ी बाइक, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बाइक की किस्त जमा न होने पर रिकवरी एजेंट ने बाइक मालिक के दोस्त को पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे बाइक मालिक को डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। इज्जतनगर पुलिस ने मामले में दो नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

भमोरा के कुड्डा निवासी पंकज गुप्ता ने बताया कि उसने कुछ समय पहले बाइक फाइनेंस कराई थी। नौ अप्रैल को उनका दोस्त उनकी बाइक लेकर रिठौरा गया था। आरोप है कि वहां पर अर्जुन यादव और हिमांशु समेत अन्य लोगों ने उनकी बाइक को रोक लिया। दोस्त का फोन आने पर जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्होंने उससे 6500 रुपये मांगे। रुपये देने के बाद भी आरोपियों ने बाइक नहीं छोड़ी और रुपये मांगने लगे। विरोध किया तो आरोपी धमकाने लगे। आरोपियों ने डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर इज्जतनगर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि घटना स्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# चौपुला पर चेकिंग में रार-तकरार दरोगा से भिड़ गया कार सवार

कार्यालय संवाददता, बरेली

**अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान चालान काटने पर कार सवार व दरोगा में विवाद हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। वाहन चालक का कहना था कि दरोगा ने उन पर हाथ उठाया है। हालांकि, बाद में विवाद शांत हो गया।

रविवार दोपहर चौपुला पुल के नीचे चालान काटने को लेकर बाहर के रहने वाले परिवार का ट्रैफिक के दरोगा से विवाद हो गया। वाहन चालक का कहना था कि दरोगा ने उनके साथ अभद्रता की और परिवार के सामने उनपर हाथ भी उठाया। वह चालान काटते, मगर हाथ उठाने की क्या जरूरत थी। परिवार की महिला और कार में बैठे बच्चे यह सब देख रहे थे। विवाद के बीच कुछ लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया। जिसके बाद वाहन चालक वहां से चला गया। सोशल मीडिया पर विवाद का फोटो वायरल हो रहे हैं।



चौपुला चौराहे पर विवाद के दौरान जुटी भीड़। ● अमृत विचार

- चालक ने दरोगा पर अभद्रता का भी लगाया आरोप
- लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया

# मंडी में निरीक्षण, पनीर व खोया के नमूने लिए

**बरेली, अमृत विचार-** रविवार को अवकाश के दिन भी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बड़ी कार्रवाई की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश, तेज बहादुर सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह और इंद्रजीत सिंह की टीम ने श्यामगंज सब्जी मंडी में औचक निरीक्षण किया। टीम ने दीपक पनीर डेयरी, नौबत राम पनीर सेंटर, सोनू पनीर वाला और बंटी पनीर विक्रेता के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुल पांच नमूने संग्रहित किए गए, जिनमें चार पनीर और एक खोया का नमूना शामिल है। विभाग की इस कार्रवाई के दौरान मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों के मुताबिक सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



नमूने लेती खाद्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# आग लगने से टेंट का गोदाम राख

**बरेली/बहेड़ी, अमृत विचार :** शहर में आग बुझाने के इंतज़ाम पर्याप्त न होने के चलते एक टेंट हाउस जलकर भस्म हो गया। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने में 5घंटे मशक्कत की, लेकिन आग तब बुझ पाई, जब गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

शहर के उत्तरी छोर पर स्थित नवरंग टेंट हाउस के गोदाम में शनिवार की रात 11:30बजे आग लग गई। आग लगने की जानकारी लगते ही टेंट स्वामी मौके पर पहुँच गए। जानकारी लगते ही आसपास के तमाम लोग वहाँ पहुँच गए, और अपने तौर पर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। रात 12:30 पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुँची, और आग बुझाना शुरू किया, लेकिन एक गाड़ी पानी का आग पर कोई असर नहीं हुआ। आग दम पे दम तेज़ हो रही थी।

फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी पानी खर्च होने के बाद शहर में हार खाकर गाड़ी को पानी के लिए करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित फायर स्टेशन पर ले जाया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी पानी लेकर वापस आई, तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी।

सूचना पर बरेली से फायर की दो गाड़ियां भी आई, लेकिन सब मिलकर गोदाम में कुछ बचा नहीं पाई। सुबह 5:30बजे तक 12 गाड़ी पानी आग बुझाने के लिए डाला गया।



गोदाम में लगी आग को बुझाने में जुटे लोग। ● अमृत विचार

- एक बार फिर फेल साबित हुए आग बुझाने के इंतजाम

आग बुझाने के इंतज़ाम एक बार फिर खोखले साबित हो गए। यहाँ आसपास नगर पालिका का कोई भी फायर हाईड्रेण्ड नहीं था। पड़ोस में स्थित स्मार्ट पॉइंट पर भी लगा हुआ आग बुझने का इंतज़ाम भी काम नहीं कर रहा था।

## सिटी ब्रीफ

### जमीन पर कब्जे का आरोप, मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

**देवरनियां, अमृत विचार :** कचनारी निवासी दीपचंद ने अपनी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। शिकायती पत्र में दीपचंद ने कहा है कि उसके सहखातेदार कृष्ण पाल निवासी ग्राम पिपरा निसाई तहसील नवाबगंज ने अपने हिस्से की जमीन बेच दी है। अब अपनी जमीन पर क्रेता को कब्जा न दिलाकर उसकी जमीन पर क्रेता को कब्जा दिला रहे हैं। उन्होंने इसे रुकवाने की मांग की है। क्रेता कृष्ण पाल का कहनाहै कि दीपचंद अपने हिस्से की जमीन पर कब्जा न करके उसके हिस्से पर अपना हक दिखा रहे हैं जो गलत है।

### पिता-पुत्र के साथ मारपीट, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**फतेहगंज पूर्वी , अमृत विचार :** क्षेत्र के हरेली अलीपुर गांव में एक युवक के साथ मारपीट के बाद आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंचे पिता के साथ भी मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस न रिपोर्ट दर्ज की है। दिनेश कुमार निवासी नई बस्ती ने बताया कि शनिवार रात उसका बेटा राजन और छोटा बेटा रोशन गांव हरेली अलीपुर में गए थे। वहीं मोटरसाइकिल सवारों ने दोनों को टक्कर मार दी जिससे दोनों को चोटें आईं। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। सुबह वह युवक के घर गया तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आकाश बाबू, नितिन तथा सत्यवीर और रामू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मेधावी छात्र पुरस्कृत

**शेरगढ़, अमृत विचार :** ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय इटौआ,प्राथमिक विद्यालय बनईया तथा प्राथमिक विद्यालय कांवर में हुए वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र-छात्राओं को बीईओ मुकेश कुमार भारती ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ पुरस्कृत किया। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर इंचार्ज अध्यापक सैयद रेहान हुसैन,उपासना मलिक,ज्योति शर्मा, नीरू रस्तोगी,नवनीत सक्सेना,हेमेंद्र कुमार,सचिन कुमार,दिनेश कुमार,रवि लाल,नियाज़ अहमद,फिरोज जहां समेत शिक्षक और शिक्षिकाए मौजूद रहे।

# 19 केंद्रों पर हुई सीडीएस व एनडीए की परीक्षा

## बायोमेट्रिक जांच के बाद परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को मिला प्रवेश, सुबह से ही जुट गए थे अभ्यर्थी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



बरेली कॉलेज में सीडीएस की परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों की वायोमैट्रिक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार



जांच के लिए जूते निकालते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को जिले के 19 केंद्रों पर कंबाइंड डिफेंस सर्विस (सीडीएस), नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए)-एनए की परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए गए। जिससे केंद्रों पर कॉल व इंटरनेट की सुविधा बाधित रही। परीक्षा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। केंद्रों से बाहर आए अभ्यर्थियों ने परीक्षा को सामान्य बताया।

- परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए गए जिससे कॉल व इंटरनेट की सुविधा रही बाधित
- सभी परीक्षा केंद्रों पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, छात्रों ने पेपरों को बताया सामान्य

परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही लाइन में अभ्यर्थी लग गए। गहन चेकिंग व बायोमेट्रिक जांच के बाद अभ्यर्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया गया। इस दौरान उनकी अच्छी तरह जांच की गई। सीडीएस की परीक्षा तीन पालियों में और एनडीए की परीक्षा दो पालियों में हुई। सीडीएस में जिले में कुल 2308 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें पहली पाली में 1425 और दूसरी पाली में 1429 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। वहीं, ऑप्शनल परीक्षा में 1233 में से 730 अभ्यर्थी शामिल हुए। एनडीए की परीक्षा में 5747 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें पहली पाली में 4166 और दूसरी में 4153 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र में अंग्रेजी और जीएस के प्रश्न काफी हद तक सरल रहे। वहीं, करेंट अफेयर्स और सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए। विज्ञान विषय से पूछे गए सवाल भी सामान्य स्तर के ही रहे। सभी परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।



परीक्षा देकर निकलते छात्र। ● अमृत विचार

# कौशल विकास : आईटीआई में शुरू होंगे नए शॉर्ट टर्म कोर्स

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- आधुनिक तकनीक से युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण
- टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 270 से 390 घंटे के कोर्स

**अमृत विचार :** बरेली मंडल के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में अब युवाओं को कम समय में आधुनिक तकनीकी कौशल सिखाने के लिए नए शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किए जाएंगे। सत्र 2026-27 से शुरू होने वाले इन कोर्सों में 270 से 390 घंटे की अवधि निर्धारित की गई है। जिनका उद्देश्य युवाओं को बेहतरीन प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए तैयार करना है।

इन कोर्सों का संचालन टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से किया जाएगा। इसके तहत मंडल के आठ आईटीआई आंवला, सिंधौली, दातागंज, दहगवां, कादरचौक, बिसौली, पूरनपुर और पुवायां को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इसके लिए करीब साढ़े चार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

प्रशिक्षण में रोबोट ऑपरेशन, इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक, सीएनसी मशीनिंग, वेल्डिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयर, डिजाइन और आईओटी जैसे आधुनिक क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

इन कोर्सों में प्रशिक्षण से छात्रों को उद्योगों की मांग के अनुरूप व्यावहारिक ज्ञान मिल सकेगा। संयुक्त निदेशक राम राज यादव ने बताया कि जुलाई से शुरू होने वाले इन कोर्सों में 10 वीं और 12 वीं पास अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे। वर्तमान में आईटीआई कर रहे और पहले से पास हो चुके छात्र भी इसमें शामिल हो सकते हैं। इस पहल से न केवल युवाओं की तकनीकी दक्षता बढ़ेगी, बल्कि उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर भी मिलेंगे। अधिकारियों का मानना है कि यह कदम क्षेत्र में कौशल विकास को नई दिशा देने के साथ ही उद्योगों के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने में मददगार साबित होगा।

# सीता रसोई के पुस्तक मेले में 500 बच्चों को दीं मुफ्त किताबें



पुस्तक मेले में सीता रसोई समिति के सेवादार। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** सीता रसोई समिति ने रविवार को पुस्तक मेले में 500 बच्चों को पाठ्य सामग्री दी।

मेले का उद्घाटन पुस्तक बैंक के प्रमुख सेवादार घनश्याम गुप्ता ने किया। लगभग 15 लाख रुपये मूल्य की पुस्तकों का वितरण किया गया। इसके साथ ही स्कूल बैग, कॉपी और पेन भी दानदाताओं के सहयोग से उपलब्ध कराए गए। चार जरूरतमंद कन्याओं को विवाह के लिए आवश्यक सामग्री भी प्रदान की गई। महेंद्र सिंह भाटी, एके आहूजा, आशा अग्रवाल, अशोक गुप्ता, रमेश अग्रवाल, राकेश मथुरिया, अनुराग मेहरोत्रा, नरेश भाटिया, नवीन डांग, अमित गुप्ता और हर्ष अग्रवाल सहित कई लोगों का सहयोग रहा। अगला पुस्तक मेला 19 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा।

# पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच की मांग को मिला अयोध्या बार का साथ

**बरेली, अमृत विचार :** पश्चिमी यूपी में हाई कोर्ट बेंच की मांग को अब अयोध्या के अधिवक्ताओं का साथ मिला है।

अयोध्या बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जय नारायण सिंह के रविवार को बरेली पहुंचने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल (युवा) के प्रदेश अध्यक्ष व कैंट जिला अध्यक्ष सुनील खत्री ने स्वागत किया। जय नारायण सिंह ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वादकारियों के हितों की रक्षा के लिए बेंच की स्थापना अनिवार्य है। सुनील खत्री ने कहा कि व्यापार मंडल इस मांग का पूर्ण समर्थन करता है और अधिवक्ताओं के आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। आलोक खरे, जयप्रकाश सिंह, राजेश कुमार पांडे, प्रेममोहन मालवीय, सुमित सक्सेना, धीरज सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# मंगलगान के बीच 17 जोड़ों ने लिए सात फेरे

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



वर-वधुओं को आशीर्वाद देते सांसद छत्रपाल गंगवार, साथ में संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुर्मी क्षत्रिय सभा का 18 वां स्वजातीय परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह रविवार को ब्रह्मपुरा स्थित कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में हुआ। जिसका शुभारंभ जिलाध्यक्ष केपी सेन गंगवार एडवोकेट और उनकी पत्नी सुधा सेन गंगवार ने किया। विवाह परिचयिका का विमोचन किया गया। 17 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। नवदंपतियों को गृहस्थी का सामान भेंट किया गया। जनप्रतिनिधियों ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने समाज की इस एकजुटता की सराहना की।

- जनप्रतिनिधियों ने दिया नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद
- कुर्मी क्षत्रिय सभा ने किया सामूहिक विवाह समारोह

पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार व पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार ने भी विचार रखे। अध्यक्षता करते हुए केपी सेन ने संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। रघुवीर सिंह गंगवार, रामऔतार गंगवार, देश दीपक गंगवार, डॉ. डीपी गंगवार, अरविंद पटेल, मनोहर पटेल, हरीश गंगवार, प्रदीप गंगवार, विद्याराम गंगवार, ओमकार गंगवार आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### सीमा स्मृति साहित्य सम्मान व विमोचन समारोह 14 को



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब की कहरवान स्थित कार्यालय में बैठक में महासचिव प्रदीप माधवार ने बताया कि सीमा स्मृति साहित्य सम्मान एवं विमोचन समारोह 14 अप्रैल को सायं 6 बजे से रोटरी भवन में होगा। विविध संवाद के नारी विशेषांक का विमोचन किया जाएगा। कवयित्री एवं लेखिका डॉ. निशा शर्मा, कवयित्री उन्नति राधा शर्मा और बीके पारुल को सम्मानित किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने बताया कि दो जरूरतमंद कन्याओं को वैवाहिक उपहार भी दिया जाएगा। विचार गोष्ठी होगी। राजेश सक्सेना,अरुणा सिन्हा, अखिलेश कुमार, अनिल सक्सेना, सुनील शर्मा, इं. डीडी शर्मा, शशि बाला, जितेंद्र सक्सेना, रश्मि, सत्येन्द्र सक्सेना, शुकुन सक्सेना, प्रकाश चंद्र,प्रीती सक्सेना, सुधीर मोहन, केबी अग्रवाल मौजूद रहे।

### यूटा के प्रांतीय उपाध्यक्ष चुने गए भानु प्रताप



**बरेली, अमृत विचार :** दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन सृजनोत्सव 2026 आगरा में 11, 12 अप्रैल को आयोजित हुआ। प्रदेश संरक्षक विधायक खैरागढ़ भगवान सिंह कुशवाहा की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में प्रांतीय चुनाव में यूनाइटेट टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) में बरेली के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह को निर्विरोध प्रांतीय उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया गया। भानु प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसके असली हकदार बरेली के समस्त शिक्षक साथी हैं। हेमंत कुमार, राज पल्याल, सतेंद्र पाल सिंह, रवि कुमार, सुनील कुमार, शशिकांत, भारत कुमार नें प्रतिभाग किया।

### संगम कला समूह की गायन प्रतियोगिता का आयोजन




**बरेली, अमृत विचार :** संगम कला समूह, बरेली चैप्टर द्वारा माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के सहयोग से गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता किड्स ग्रुप (5–12 वर्ष), टीनएजर्स ग्रुप (13–19 वर्ष), यंगस्टर्स ग्रुप (20–35 वर्ष) तथा एडल्ट्स ग्रुप (36–55 वर्ष) में आयोजित की गई। विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि अन्य प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान दिए । डॉ. मेघा अग्रवाल विशेष अतिथि रहीं। निर्णायक मंडल के सदस्यों एवं विशिष्ट अतिथियों को डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, संगम कला ग्रुप, बरेली चेप्टर के ने सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में राहुल यदुवंशी एवं डॉ. अवनीश यादव रहे। इनके साथ मीडिया संयोजक स्वयं वर्मा भी मौजूद रहे।

### कायस्थ भूषण से वेद प्रकाश को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना कातिब को उनकी दीर्घकालीन सामाजिक सेवाओं और समाज को नई दिशा देने के लिए कायस्थ भूषण उपाधि से सम्मानित किया गया। कायस्थ महासभा बरेली इकाई की ओर से आयोजित समारोह में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने उन्हें इस सम्मान से विभूषित किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अश्विनी कमठान, डॉ. सुबोध अस्थाना, अनूप सक्सेना, शांतनु सक्सेना, शैलेन्द्र सक्सेना, आशीष सक्सेना, किरन सक्सेना, डॉ दिव्यांश सक्सेना, अमर जौहरी, स्मिथ जौहरी, मगन सिन्हा, संजय सक्सेना अजित कुमार आदि ने वेद प्रकाश को बधाई दी।

# झुमका गिरा रे ... बरेली वालों की यादों में हमेशा रहेंगी आशा भोसले

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- हरिवंश राय बच्चन-तेजी बच्चन से शुरू हुई कहानी पर लिखा गया धूम मचा देने वाला गीत

**अमृत विचार:** मशहूर गायिका आशा भोसले के निधन से बरेली वालों के दिल टूट गए हैं। धूम मचा देने वाले 'झुमका गिरा रे..' गाने को आशा भोसले ने ही अपनी जादुई आवाज देकर बरेली को नई पहचान दी थी। वो दौर ऐसा था कि ''मेरा साया'' फिल्म के इस गाने को सुनकर चलते काफिले रुक जाते थे। उनके निधन से फिल्म और शास्त्रीय संगीत की दुनिया में शोक की लहर दौड़ गई।

बरेली का नाम आता है तो आशा भोसले के कंठ से निकला झुमका गिरा रे.. गाना जरूर गुनगुनाया जाता है। कहा जाता है कि जब हरिवंश राय बच्चन बरेली आए थे, तब उनकी पत्नी तेजी बच्चन (अमिताभ बच्चन की मां) ने बरेली के बाजार में झुमका गिरने की बात कही थी। कानों कान बात मुंबई पहुंची तो राजा मेहदी अली ख़ान ने गाना लिख डाला। संगीत निर्देशक मदन मोहन की इस गाने के लिए आवाज की खोज आशा भोसले पर जाकर खत्म हुई थी। इस गाने को सुर देने के बाद आशा का बरेली से ऐसा कनेक्शन बना कि कभी मिटाए नहीं मिटेगा। झुमका सिटी के रूप में मशहूर बरेली की यह पहचान आज भी कायम है। यादों को नई पीढ़ी की यादों में बसाने के लिए शहर में विशाल झुमका भी स्थापित किया गया। आशा भोसले सहसवान-रामपुर संगीत परंपरा के प्रख्यात गायक उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान की शिष्या थी, जिनसे उन्होंने शास्त्रीय संगीत की विधिवत शिक्षा ली थी। उनके गायन में शास्त्रीयता और फिल्मी संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलता था।

## वार्ड चलो अभियान में मेयर ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा के वार्ड चलो अभियान के तहत रविवार को वार्ड एक में मेयर डॉ. उमेश गौतम और स्थानीय पार्षद संतोष कश्यप ने घर-घर जाकर क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया। मेयर ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां और जनकल्याणकारी योजनाएं गिनाईं। कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंदों को समान रूप से मिल रहा है। वीनू, राजकुमारी, लक्ष्मी देवी आदि महिलाओं की समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा दिया। विष्णु शर्मा, जेपीएस पाल, वेद प्रकाश रघुवंशी, ऋषभ कश्यप, ताराचंद मौर्य, ओमकार दद्दा, बाबू सिंह, पार्षद सुधा सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ बरेली ग्रेस की नई कार्यकारिणी गठित

- राखी मनोहर अध्यक्ष, नीतिका कपूर को सचिव बनाया गया

**बरेली, अमृत विचार:** रोटरी क्लब ऑफ बरेली ग्रेस की वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा रविवार को की गई। राखी मनोहर को अध्यक्ष और नीतिका कपूर को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेधावी अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

चार्टर प्रेसिडेंट निधि अग्रवाल ने नई टीम की घोषणा की। क्लब के सदस्यों ने नई टीम का स्वागत किया। राखी मनोहर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह टीम के सहयोग से समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में नई पहलें शुरू करेंगी। संचालन सारिका गुप्ता ने किया। इस अवसर पर क्लब की सदस्य मेघा कृष्णा, पल्लवी, ऋचा, अनुभी, स्वाति, पायल, नेहा और सतरूपा उपस्थित रही। नई टीम ने क्लब की सामाजिक गतिविधियों को नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



कार्यकारिणी में चुनी गईं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# सोमपाल शर्मा फिर बने मैथिल ब्राह्मण सभा के मंडल अध्यक्ष

**बरेली, अमृत विचार:** मैथिल ब्राह्मण सभा की आम सभा में मंडल व चारों जिलों बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बरेली की इकाइयों का पुनर्गठन किया गया।

प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट महेश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में भाजपा के नव-नियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन हुआ और जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा को पुनः मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रांतीय महासचिव ओपी शर्मा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश सरकार में समाज की उचित भागीदारी की मांग उठाई। कार्यक्रम में मंडल भर से आए ग्राम प्रधानों, पार्षदों और प्रतिनिधियों को मनोनयन पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राम शर्मा, महीपाल शर्मा



,सुनील कुमार शर्मा, डा. दिनेश शर्मा, डॉ प्रमोद कुमार शर्मा , जितेंद्र कुमार एड, सत्य पाल शर्मा, बांदू राम शर्मा, इंजी. नवल किशोर शर्मा , वीरेश शर्मा, मुनेश शर्मा, विकास शर्मा ,के सी शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा , बृजेंद्र शर्मा, जौहरी लाल शर्मा, रामा शंकर शर्मा , रमेश चन्द्र शर्मा, राम दास शर्मा, त्रिवेन्द्र शर्मा, ब्रहम देव शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बेटियों को लगाया गया सुरक्षा का कवच

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में एचपीवी टीकाकरण अभियान को एक नई गति मिली। जनपद के तीन प्रमुख नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित विशेष शिविरों में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह के निर्देशन में आयोजित इस विशेष कैंप का उद्देश्य 'अपनी लाडली को दें सुरक्षा का उपहार, एचपीवी टीके से करें कैंसर पर वार' के संकल्प को धरातल पर उतारना रहा। नदोसी स्वास्थ्य केंद्र पर 48, पीरबहोड़ा में 29 और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुराना शहर में 10 टीके लगाए गए। जनपद में अब तक कुल 1597 किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण पूर्ण किया जा चुका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि सभी टीकाकरण का डेटा ''यूविन'' पोर्टल पर रियल-टाइम दर्ज किया गया है, ताकि फॉलो-अप और डेटा प्रबंधन पारदर्शी बना रहे। इसके अलावा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में भी बड़ी संख्या में बुखार, खांसी, और अन्य बीमारी के मरीज पहुंचे।



विशेष एचपीवी टीकाकरण शिविर बेटियां व डॉक्टर। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### कलर बेल्ट टेस्ट में 147 खिलाड़ियों ने लिया भाग

बरेली, अमृत विचार : जिला ताइक्वांडो यूथ क्लब की ओर से रविवार को बेदी इंटरनेशनल स्कूल में कलर बेल्ट टेस्ट में 147 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। रघुवीर व अंकित मौर्य ने खिलाड़ियों का परीक्षण किया। कोच मोहित यादव, प्रधानाचार्या जेके साहनी, पुरुषोत्तम महतो, अनंत, रोहित, अजय, पूजा, दीपांशु शिल्पी, सुमित मौजूद रहे। स्कूल के चेयरमैन अमनदीप बेदी और जिला ताइक्वांडो यूथ क्लब के अध्यक्ष वीके अग्निहोत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### बिहारीपुर पीतमराम गांव में हुआ सम्मेलन

बरेली/क्योलड़िया, अमृत विचार : भाजपा के सुंदरी मंडल में ग्राम बस्ती चलो अभियान के तहत बिहारीपुर पीतम राम गांव में कार्यक्रम में विधायक डॉ एमपी आर्य, जिला महामंत्री डा. मीनाक्षी गंगवार मौजूद रहे। डॉ. वर्मा ने विकास योजनाएं गिनाईं। सुंदरी मंडल गन्ना चेयर मैन निर्भय गंगवार, प्रधान जयवीर, लेखराज समेत पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्लैक माम्बा ने धुरंधर 11 को हराया

## रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज मैदान पर पहली बार हुआ डे नाइट क्रिकेट मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में क्रिकेट के फाइनल मैच में सम्मानित खिलाड़ियों के साथ डॉ. अर्जुन अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज मैदान पर पहली बार डे नाइट क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। ब्लैक माम्बा ने धुरंधर 11 को 88 रन से हराया। कुलाधिपति डा.केशव कुमार अग्रवाल ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

रविवार को मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लैक माम्बा ने 20 ओवर में 211 रन बनाए। रुद्र राठी ने 48 गेंद में 94 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। धुरंधर -11 की टीम 123 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ब्लैक माम्बा ने 88 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच रुद्र राठी को दिया गया। इस मौके पर बरेली इंटरनेशल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डा.केशव कुमार अग्रवाल ने कहा की संस्थान में अब डे नाइट मैच का आयोजन निरंतर किए जाएंगे जिससे छात्रों का उत्साह बढ़ेगा और वे तनाव से दूर रहेंगे।

**● 48 गेंद पर 94 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलने वाले रुद्र राठी बने मैन ऑफ द मैच**

उन्होंने सभी को अनुशासन में रहकर समय पर पढ़ाई और समय पर खेलने की सलाह देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रति कुलाधिपति डा. अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि ऐसा आयोजन छात्रों के लिए बड़ा हर्ष का पल है। जिसमें वह अंतर्राष्ट्रीय खेलों के सामान अपने ही संस्थान में डे नाइट मैच का लुफ्त उठा पा रहे हैं। कुलपति डा. लता अग्रवाल, डा. किरण अग्रवाल, वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डा. वरुण अग्रवाल, वरिष्ठ कैंसर सर्जर डा. अर्जुन अग्रवाल भी मौजूद रहे। आयोजन आर्थो विभाग के डॉक्टर डॉ. आशुतोष कुमार के नेतृत्व में किया गया। रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रजनीश पठानिया, डॉक्टर ज्योति पठानिया, डा दीपक उपाध्याय, डॉक्टर शशिकांत वर्मा, डॉ आशुतोष अग्रवाल, डा. सारंगधर कुमार समेत अन्य मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तस्लीम खान का सहयोग रहा।

## टीचर्स क्लब और महादेव स्ट्राइकर्स की दमदार जीत

**बरेली, अमृत विचारः** निशांत पटेल स्पोर्ट्स हब में खेली जा रही जीपी कॉरपोरेट क्रिकेट लीग में रविवार को टीचर्स क्रिकेट क्लब और महादेव स्ट्राइकर्स ने जीत दर्ज की।

पहले मुकाबले में टॉस जीतकर टीचर्स क्लब पहले गेंदबाजी चुनी। व्हाइट कैप्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 156 रन बनाए। क्षितिज प्रताप सिंह ने शानदार 87 रनों की पारी खेली। टीचर्स क्रिकेट क्लब ने 16 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। आशुतोष ने 74 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अभिषेक ने 35 रन का योगदान दिया। आशुतोष को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में बरेली रॉयल्स 17.4 ओवर में 94 रन पर सिमट गई। महादेव स्ट्राइकर्स ने मात्र 9 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। शिव ओम ठाकुर ने 38 रन बनाए और एक विकेट भी लिया जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। अंपायरिंग पिंटू चौधरी और मदन लाल ने की।

## टी-20 प्राइज मनी टूर्नामेंट की ट्रॉफी एमडीसीए ने जीती




विजेता टीम को सम्मानित करते चेयरमैन देवमूर्ति। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) ने आईके नेक्स्ट जनरेशन को 6 विकेट से हराया।

आईके नेक्स्ट जनरेशन ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। एमडीसीए की टीम ने 15.4 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 35 गेंदों में 61 रन बनाने पर ऋतुराज शर्मा को मैन ऑफ द मैच व प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। एमडीसीए

**● फाइनल में आईके नेक्स्ट जनरेशन को 6 विकेट से हराया**

के अंकुर शर्मा पांच मैचों में 10 विकेट लेकर बेस्ट बॉलर रहे। हर्ष त्यागी ने 271 रन बनाकर बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार जीता। विजेता टीम को 2 लाख रुपये और ट्रॉफी प्रदान की गई। उपविजेता आईके नेक्स्ट जनरेशन को 1 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार, बेस्ट बल्लेबाज व गेंदबाज को 5100-5100 रुपये दिए गए। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह, चेयरमैन देवमूर्ति, आदित्यमूर्ति, डॉ. आशीष सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# प्रभात फेरी पर जगह-जगह बरसे फूल

कार्यालय संवाददाता, बरेली




प्रभात फेरी में गुरुग्रंथ साहिब की सवारी के साथ पंज प्यारे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : खालसा साजना दिवस (बैसाखी पर्व) के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा मॉडल टाउन से रविवार सुबह भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। श्री गुरु ग्रंथ साहिब की अगुवाई और पंज प्यारों की उपस्थिति रही। जगह-जगह फूलों की वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया।

रात्रि में गुरुद्वारा परिसर में विशेष राग दरबार का आयोजन हुआ। जिसे मनदीप सिंह के निर्देशन में सिख कीर्तन फुलवारी ने सजाया। बच्चों ने विभिन्न वाद्य यंत्रों के माध्यम से गुरु ग्रंथ साहिब में वर्णित रागों पर आधारित कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष कीर्तन दरबार में हिमाचल के पांवटा साहिब से आए अमनदीप सिंह ने गुरबाणी कीर्तन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने पी अमृत आघानिया

**● गुरुद्वारा मॉडल टाउन में सजा राग दरबार, कीर्तन सुन संगत निहाल**

गुरु अमर कराया और अमृत की सार सोई जानै जैसे शबद प्रस्तुत किए। समापन पर श्रद्धालुओं को गुरु का लंगर वितरित किया गया। प्रबंधक कमेटी ने बच्चों को सिरोपा देकर सम्मानित किया। संचालन महासचिव गुरदीप सिंह बग्गा ने संचालन किया।

गुरुदर्शन सिंह, गुरमीत सिंह, प्रभजोत सिंह, मंजीत सिंह, राजेंद्र सिंह आदि का सहयोग रहा। मुख्य सेवादार मालिक सिंह कालड़ा ने बताया कि मंगलवार को खालसा साजना दिवस पर खालसाई कीर्तन दरबार का आयोजन होगा। इसमें अमृतसर आनंदपुर साहिब और पानीपत से आए प्रसिद्ध रागी जत्थे कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। 15 अप्रैल को गुरुद्वारा मॉडल टाउन में अमृत संचार कार्यक्रम आयोजित होगा।

## रोहतगी मेमोरियल टेबल टेनिस टूर्नामेंट आज से

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में बसंत कुमार रोहतगी मेमोरियल इंटर स्कूल टीम चैंपियनशिप एवं ओपन डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस टूर्नामेंट का सोमवार को आगाज होगा।

जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन से संबद्ध स्मैशर्स टेबल टेनिस अकादमी की ओर से दो दिवसीय प्रतियोगिता में इंटर स्कूल टीम चैंपियनशिप के साथ-साथ होप्स अंडर-11, कैडेट अंडर-13, सब जूनियर अंडर-15, जूनियर अंडर-17, यूथ अंडर-19 में पुरुष और महिला वर्ग में मुकाबले खेले जाएंगे। आयोजक डॉ. दीपेंद्र कमथान ने बताया कि इस टूर्नामेंट के प्रदर्शन के आधार पर जिले की टीम का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

# पुरानी पेंशन और टीईटी बाध्यता का मुद्दा उठा




शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी में संबोधित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार



संगोष्ठी मौजूद बड़ी संख्या में अध्यापक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से रविवार को पीलीभीत बाईपास स्थित एक बरातघर में विद्या प्रवेश उत्सव एवं शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार व विशिष्ट

**● विद्या प्रवेश उत्सव एवं शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी में जुटे शिक्षक**

अतिथि विधायक मीरगंज डीसी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने किया। देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वह शिक्षक समस्याओं को सदन तक रखते हैं। उन्होंने 2010 से पहले के नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी बाध्यता को अव्यवहारिक बताते हुए विरोध में आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक पूरा जीवन शैक्षिक कार्य में लगाता है, बावजूद पुरानी पेंशन से वंचित कर दिया गया है।

सांसद छत्रपाल गंगवार ने शिक्षकों की समस्याओं को संसद में उठाने का आश्वासन दिया। शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण की बुनियाद बताते हुए बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। जिलाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने कहा कि किसी शिक्षक का शोषण हो तो पूरा प्रदेश उस शिक्षक के साथ खड़ा रहेगा। विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले शिक्षकों व छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रदेश महामंत्री उमाशंकर सिंह ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप पवार, अरुण पांडे, विकास कुमार, गिरजेश कुमार, पुष्कर उपाध्याय, देवेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

## ठहाका सत्य पथिक पत्रिका के प्रवेशांक का किया लोकार्पण



ठहाका सत्य पथिक के प्रवेशांक का लोकार्पण करते साहित्यकार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कवि गोष्ठी आयोजन समिति की ओर से लोक खुशहाली सभागार में रविवार को त्रैमासिक पत्रिका ठहाका सत्य पथिक के प्रवेशांक का लोकार्पण किया गया। अनिल कुमार सक्सेना और बृजेंद्र तिवारी अकिंचन को शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

गणेश पथिक की संपादित पत्रिका के होली-नवरात्र प्रवेशांक का लोकार्पण अतिथियों ने किया। कवि सम्मेलन में गणेश पथिक ने अपनी कविता में संघर्ष और सकारात्मकता का संदेश दिया। बृजेंद्र अकिंचन की रचनाओं ने भी खूब सराहना बटोरी। अध्यक्षता साहित्यकार रणधीर प्रसाद गौड़ धीर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण मंत्री के प्रतिनिधि समाजसेवी अनिल कुमार सक्सेना एडवोकेट उपस्थित रहे। वंदना इंद्रदेव त्रिवेदी ने प्रस्तुत की। उपमेंद्र सक्सेना, दीपक मुखर्जी दीप, वंदना पथिक, धनंजय पथिक सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। संचालन राज शुक्ल गजलराज ने किया।

# बैडमिंटन के फाइनल मुकाबलों में बच्चों की प्रतिभा ने किया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विजेता छात्र- छात्राओं के साथ आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ की ओर से आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का रविवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। बालिका वर्ग अंडर-20 युगल में श्रेया खंडेलवाल, अनन्या की जोड़ी ने नैंसी और विनीता की जोड़ी को हराया।

फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। बालिका अंडर-20 एकल में स्निग्धा ने खिताब जीता। साक्षी पटेल रनर-अप रही। अंडर-15 एकल में अनुष्का चौधरी ने एडिशा मिश्रा को हराया। अंडर-15 युगल में डिंपल और कनिष्का की जोड़ी

**● रोटरी क्लब बरेली साउथ बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेताओं को किया सम्मानित**

ने बाजी मारी। बालक वर्ग में अंडर-20 एकल का खिताब अमन ने जीता। अथर्व उपविजेता रहे। अंडर-20 युगल में अमन और युवराज की जोड़ी विजेता रही। अंडर-15 एकल में राम सक्सेना विजेता और रुद्रराज सिंह उपविजेता रहे। अंडर-15 युगल में अब्दुल और केशव चौधरी की जोड़ी विजेता बनी। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि खेल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ अनुशासन और टीम भावना भी सिखाते हैं। आयोजन में क्लब अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल, सचिव संजय गर्ग, कोषाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, शोभित अग्रवाल, अनुपम कपूर सहित कई सदस्यों का योगदान रहा।

## सिटी डायरी

### बड़ा बाग हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** बड़ा बाग हनुमान मंदिर पर रविवार को वैशाख माह के कृष्णाष्टमी के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भारतीय सेना के दुर्गेंद्र चतुर्वेदी ने व्यास गद्दी से पाठ किया। पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विनोद उपाध्याय, सुरेंद्र चतुर्वेदी, अनूप चतुर्वेदी, संगम चतुर्वेदी, रागिनी चतुर्वेदी, कृष्ण मुरारी पाठक, अरुण शर्मा, सरोज शर्मा, सुमन शर्मा, गुड़िया पाठक, राशि शर्मा आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### श्री सोमनाथ मंदिर में कलशयात्रा के साथ श्री राम कथा आरंभ



**बरेली, अमृत विचार :** प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में रविवार को कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का आरंभ हो गया। वृंदावन से आए आचार्य शंभूनाथ योगी महाराज ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंग मंगलाचरण एवं राम वंदना का विस्तार से वर्णन किया। आयोजन को सफल बनाने में अमर सिंह, आशुतोष गोयल, भुवनेश अग्रवाल, अमित अरोड़ा, आशीष अग्रवाल, संजीव मेंहदीरत्ता, संजीव अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, रामदयाल मोहता, निमित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

### गणेश व कार्तिकेय प्रकटोत्सव का वर्णन



**बरेली, अमृत विचार :** राजेंद्र नगर स्थित नीलकंठ मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा के छठे दिन श्री गणेश और कार्तिकेय के प्रकटोत्सव की लीलाओं का वर्णन किया गया। वृंदावन धाम से पधारी कथा व्यास राध्या भारद्वाज के प्रवचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति रस में सराबोर कर दिया। मुख्य यजमान के रूप में ब्रह्मा वर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। समिति संरक्षक पार्षद सतीश कातिब, अध्यक्ष पवन अरोड़ा, मीडिया प्रभारी आयुष अग्रवाल, पवन रायजादा, यशिका, प्रियाशी, कनिष्का, भोलू आदि मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, मंत्रोच्चारण और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश और कार्तिकेय के प्रकटोत्सव पर श्रद्धा और उल्लास के साथ भाग लिया।

### डॉ. नवीन पांडे को दी विदाई



**बरेली, अमृत विचार :** बिहारीपुर खत्रीयान में एक छोटे से क्लीनिक ने तीन दशकों से अधिक सेवा, समर्पण और मानवता की जो मिसाल पेश की, रविवार को वह अध्याय भावुक क्षणों के बीच विराम पर पहुंचा। क्लीनिक संचालक डॉ. नवीन पांडे ने 32 वर्षों तक क्षेत्रवासियों को सस्ती एवं निस्वार्थ चिकित्सा सेवा प्रदान की। अब उन्होंने क्लीनिक को बंद करने का निर्णय लिया। नाथ नगरी के राजा सेवा समिति ने समारोह आयोजित कर डॉ. पांडे को सम्मानित किया। संस्थापक अध्यक्ष विकास मेहरोत्रा, मुनीष कुमार, अमित अरोरा, शंकर मेहरोत्रा, पंकज कक्कड़, मनीष कक्कड़, रवि टंडन, गोपाल विनोदी आदि मौजूद रहे। डॉ. नवीन पांडे ने आभार जताया।

### गणेश महापुराण कथा में गणपति की महिमा का वर्णन



**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर स्थित श्री शिव मंदिर परिसर में श्री शिव पार्वती आध्यात्मिक सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित गणेश महापुराण कथा में रविवार को उंमेश चंद्र शास्त्री ने भगवान गणपति के प्रथम पूज्य होने का महत्व बताया। बताया कि गणेश पुराण के अनुसार भगवान गणपति सर्वोपरि हैं, यही कारण है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत बिना गणेश वंदना के नहीं होती। भगवान गणपति ने माता-पिता की सेवा कर जगत पूज्य स्थान प्राप्त किया। जो मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण संदेश है। शास्त्री ने कहा कि धर्म, यज्ञ और दान तभी सार्थक हैं, जब व्यक्ति अपने माता-पिता की सेवा करे। अन्यथा ऐसे धार्मिक कार्यों का फल अधूरा रह जाता है। संस्थापक इंद्रभान सक्सेना, अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सचिन, मृदुल चौहान, निर्मला चौहान, सरला सक्सेना, कोषाध्यक्ष ज्योति सक्सेना, उपाध्यक्ष संध्या सक्सेना, शशि कश्यप, संगठन मंत्री राजेश्वरी देवी गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# थर्ड आई एक्टिवेशन आध्यात्मिक शिविर में आत्मविकास और एकाग्रता पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



थर्ड आई एक्टिवेशन में ध्यान लगाते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पीलीभीत बाईपास स्थित एक होटल में तीन दिवसीय थर्ड आई एक्टिवेशन आध्यात्मिक शिविर की शुरुआत रविवार से हो गई। विभिन्न शहरों और विदेश से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

शिविर में प्रतिभागियों को ध्यान, आत्म-विकास और मानसिक एकाग्रता से जुड़े विभिन्न अभ्यास कराए गए। डॉ. सुरभि ने बताया कि थर्ड आई एक्टिवेशन एक विशेष आध्यात्मिक प्रशिक्षण है, जिसमें ध्यान, ऊर्जा संतुलन और गुरु के माध्यम से शक्तिपात जैसी प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया जाता है। इन तकनीकों से व्यक्ति अपने भीतर की क्षमता को पहचान जीवन के लक्ष्यों की ओर अधिक एकाग्रता के साथ बढ़ सकता है। कार्यक्रम के दौरान कुछ विशेष दावों जैसे बिना बोले संवाद, वस्तुओं को हिलाना या चम्मच मोड़ना

**● कई शहरों से प्रतिभागी शिविर में हुए शामिल**

को लेकर प्रतिभागियों में उत्सुकता देखने को मिली।

शिविर में कनाडा से पूनम गुप्ता, रवि प्रकाश, रुद्रपुर से डॉ. गीता चौहान, राकेश राजपूत, जया, आदित्य, बदायूं से देवेश यादव, गजरौला से राजीव वर्मा, जौनपुर से डॉ. भुवनेश, जयपुर से प्रीति शर्मा, अवनि आर्य, कीर्ति स्वरूप, नीता यादव, मनमोहन गुप्ता, गरिमा सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, अनीता सिंह, पूजा मित्तल, अंजना अग्रवाल, अभिषेक मिश्रा, अक्षत मिश्रा, सुशील सोनी, आयुष सक्सेना, रीता सिंघल, निधि अग्रवाल, प्रीति मिश्रा, उषा खंडेलवाल,राज शर्मा आदि प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## आईएमए फुटबॉल लीगः डॉक्टरों की टीमों में हुए दमदार मुकाबले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईएमए बरेली की फुटबॉल लीग 2026 का आयोजन रविवार रात डोहरा रोड स्थित आईएमए फार्म्स में किया गया। लीग में 12 टीमों ने भाग लिया। 6 पुरुष, 2 महिला व 4 किड्स टीमें शामिल रहीं।

लीग का आरंभ पूर्व महापौर डॉ. आईएस तोमर व डॉ. रविश अग्रवाल आईएमए उत्तर प्रदेश स्टेट प्रेसिडेंट-इलेक्ट ने किया। किड्स में प्रेसिडेंट

**● प्रेसिडेंट पैंथर ने सेक्रेटरी शार्क्स को हराकर खिताब जीता**

पैंथर ने सेक्रेटरी शार्क्स को हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रेसिडेंट डॉ. अतुल श्रीवास्तव, ऑनरी सेक्रेटरी डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. कामेंद्र सिंह, डॉ. अमीद मुराद, डॉ. आरके सिंह, डॉ. शिवम कामथन, डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. विनोद राठौर, डॉ. रोहम गुप्ता, डॉ. एकांश अग्रवाल समेत अन्य डाक्टर मौजूद रहे।



जीत के लिए जूझते खिलाड़ी। ● अमृत विचार